Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा – 11

व्यवसाय अध्ययन

व्यवसाय के आधार – 1

अध्याय – 3 : निजी, सार्वजनिक एवं भूमंडलीय उपक्रम

भाग – 8

अभ्यास प्रश्न - I

रूचिका सैनी

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



लघु उत्तरीय प्रश्न

1. सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

सरकारी
① विभागीय उपक्रम
② वैधानिक निगम
③ सरकारी कंपनियाँ

निजी
एकल स्वामित्व
संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय
साझेदारी
सहकारी समितियाँ
संयुक्त पूंजी कंपनी



लघु उत्तरीय प्रश्न

1. सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

उत्तर :

- निजी क्षेत्र में स्वामित्व व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह का होता है जैसे एकल स्वामित्व, साझेदारी, सहकारी समिति और कंपनी।
- सार्वजनिक क्षेत्र में स्वामित्व सरकार का होता है, जिसमें विभागीय उपक्रम, वैधानिक निगम और सरकारी कंपनियाँ शामिल होती हैं।

अभ्यास प्रश्न



2. निजी क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के बारे में बताइए।





2. निजी क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के बारे में बताइए।

उत्तर : निजी क्षेत्र के प्रमुख संगठनात्मक स्वरूप हैं:

- एकल स्वामित्व व्यवसाय
- साझेदारी
- संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय
- सहकारी समितियाँ
- संयुक्त पूँजी कंपनियाँ



3. सार्वजनिक क्षेत्र में आने वाले संगठन कौन-कौन से है?



→ विभागीय उपक्रम
→ वैधानिक निगम
→ सरकारी कँपनियाँ



3. सार्वजनिक क्षेत्र में आने वाले संगठन कौन-कौन से है?

उत्तर : सार्वजनिक क्षेत्र में तीन प्रकार के संगठन होते हैं:

- विभागीय उपक्रम
- वैधानिक निगम
- सरकारी कंपनियाँ



4. सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के नाम बताओ तथा उनका वर्गीकरण करो।



रेलवे, डाक → विभागीय उपक्रम

SBI / LIC → वैधानिक निगम

NTPC / ONGC → सरकारी कंपनी



4. सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के नाम बताओ तथा उनका वर्गीकरण करो।

उत्तर :

वर्गीकरण:

(क) विभागीय उपक्रम : रेलवे, डाक विभाग।

(ख) वैधानिक निगम : एलआईसी, एसबीआई।

(ग) सरकारी कंपनी : भेल (BHEL), एनटीपीसी (NTPC)।



5. सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य विविध संगठनों की तुलना में सरकारी कंपनी संगठन को प्राथमिकता क्यों दी जाती है?



लाभ के उद्देश्य
रोजगार
जीवन स्तर



5. सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य विविध संगठनों की तुलना में सरकारी कंपनी संगठन को प्राथमिकता क्यों दी जाती है?

उत्तर : सरकारी कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत पंजीकृत होती हैं और उन्हें स्वायत्तता व लचीलापन प्राप्त होता है। इनका संचालन अधिक कुशल और बाजार के अनुकूल होता है, जिससे वे सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के लाभ प्राप्त करती हैं।



6. सरकार देश में क्षेत्रीय संतुलन कैसे बनाए रखती है?





6. सरकार देश में क्षेत्रीय संतुलन कैसे बनाए रखती है?

उत्तर : सरकार पिछड़े क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम स्थापित कर औद्योगिक विकास सुनिश्चित करती है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और क्षेत्रीय असमानता में कमी आती है।